अमर उजाला

बरेली
सोमवार, 4 मई 2026
ज्येष्ठ कृष्ण-तृतीया
विक्रम संवत-2083

PAGE NO, 07. MIDDLE

खूब चला श्याम कली का जादू, दर्शक हुए लोट-पोट

रिद्धिमा में नाटक का मंचन करते कलाकार। स्रोत : संस्था

बरेली। स्टेडियम रोड स्थित रिद्धिमा में रविवार शाम नाटक 'श्याम कली का जादू' का मंचन किया गया। कलाकारों ने शानदार अभिनय से दर्शकों को लोट-पोट कर दिया।

डॉ. प्रदीप कुमार लिखित और अमर साह निर्देशित नाटक की कहानी दो किरायेदारों विजय और श्याम के इर्द-गिर्द घूमती है। वे किराया न दे पाने से परेशान हैं। इसी बीच विजय मकान मालिक की बेटी को प्रपोज करने के लिए श्याम को लड़की के रूप में तैयार करता है, ताकि वह अभ्यास कर सके। अचानक मकान मालिक वहां पहुंच जाता है और हालात को संभालने के लिए श्याम को आंटी बनाकर पेश होना पड़ता है। फिर मकान मालिक स्वयं 'आंटी' को पसंद करने लगता है और उन्हें प्रभावित करने की कोशिश करता है। नाटक का चरम दृश्य तब सामने आता है जब खींचतान के दौरान 'आंटी' की साड़ी खुल जाती है और असलियत उजागर हो जाती है।

इस मौके पर एसआरएमएस ट्रस्ट के संस्थापक व चेयरमैन देव मूर्ति, आशा मूर्ति, उषा गुप्ता, डॉ. रजनी अग्रवाल, सुभाष मेहरा व अन्य लोग मौजूद रहे। संवाद